5.2.4 उ.प्र. सरकार ने यूपीसीडा को, यू.पी. स्टेट स्पिनिंग कंपनी लिमिटेड (यूपीएसएससीएल) को ₹ 2.84 करोड़ की धनराशि का ऋण प्रदान करने का निर्देश दिया (अगस्त 2019) ताकि यूपीएसएससीएल, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के ऋण का भुगतान कर सके। अग्रेतर, उ.प्र. सरकार ने यूपीसीडा को, उत्तर प्रदेश वित्तीय निगम (यूपीएफसी) को ₹ 50 करोड़ की धनराशि का ऋण देने का निर्देश दिया (फरवरी 2020) ताकि सिडबी के बकाया देयताओं के एकमुश्त निपटान की अग्रिम राशि का भुगतान किया जा सके।

लेखापरीक्षा ने देखा कि यूपीएसएससीएल दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता 2016 के अन्तर्गत चूककर्ता था और इसकी आस्तियों पर सम्बन्धित प्रतिबंध थे। यूपीएफसी की आस्तियां ऋण वसूली न्यायाधिकरण (डीआरटी) के आदेशों के अन्तर्गत जब्त कर ली गई थी। यूपीसीडा ने इन संस्थाओ के साथ बिना किसी ऋण अनुबंध के, इन दोनों राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को ₹ 52.84 करोड़[7] का असुरक्षित ऋण प्रदान किया। उ.प्र. सरकार ने विनिर्दिष्ट किया (28 जुलाई 2020) कि यूपीएफसी को ऋण 8 प्रतिशत त्रैमासिक रूप से देय ब्याज की दर के अधीन होगा और मूलधन की अदायगी दो वर्ष बाद से प्रारम्भ होगी। यूपीएसएससीएल को दिए गए ऋण के लिए ऐसे कोई नियम एवं शर्ते विनिर्दिष्ट नहीं किए गए थे। यूपीसीडा ने यूपीएफसी को डिमांड नोटिसें जारी की लेकिन ब्याज और मूलधन की किस्तों का भुगतान बकाया रहा। यूपीएसएससीएल से कोई वसूली प्रारम्भ नहीं की गई थी।

एग्जिट कॉन्फ्रेंस (अप्रैल 2024) के दौरान यूपीसीडा ने बताया कि उ.प्र. सरकार के निर्देशों के अनुसार ऋण प्रदान किये गए थे। दोनों कंपनियों से ऋण धनराशि वसूलने के प्रयास किए जा रहे हैं। तथापि, अभी तक कोई धनराशि वसूल नहीं की गई है।

---

[7] 23 जनवरी 2020 को यूपीएसएससीएल को ₹ 2.85 करोड़ और 18 मार्च 2020 को यूपीएफसी को ₹ 50 करोड़।

उ.प्र. सरकार ने बताया (जुलाई 2024) कि यूपीएसएससीएल, यूपीएफसी और यूपीसीडा राज्य सरकार की संस्थाएं हैं। इस कारण यूपीसीडा के लिए उसके निर्देशों का पालन करना आवश्यक है और यूपीसीडा वही कर रहा है।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि यूपीसीडा द्वारा अपने वित्तीय हितों को सुरक्षित किए बिना ऋण प्रदान किए गए थे। यह उल्लेख करना उचित है कि उ.प्र. सरकार ने यूपीएफसी को ₹ 30 करोड़ का अतिरिक्त ऋण देने के लिए कहा था (जनवरी 2023)। तथापि, यूपीसीडा ने, यूपीएफसी को पूर्व में जारी ₹ 50 करोड़ के ऋण के अशोध्य ऋण में परिवर्तित हो जाने की संभावना के दृष्टिगत, यूपीएफसी को ₹ 30 करोड़ का अतिरिक्त ऋण जारी नहीं किया और उ.प्र. सरकार से, यूपीसीडा के हित में, मामले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया।

उ.प्र. सरकार के ₹ 41 करोड़ के बकाया ऋण पर ब्याज का बढ़ता भार

5.2.5 एक्स-लीडा ने विकास गतिविधियों के निष्पादन हेतु, उ.प्र. सरकार से अल्पावधि ऋण के रूप में ₹ 41 करोड़ प्राप्त किए (अक्टूबर 2005 से मार्च 2008 तक), जिसे 18 से 19 प्रतिशत प्रति वर्ष ब्याज की दर से, दण्डात्मक ब्याज सहित, यदि देय हो तो, पाँच वर्षों के अन्दर पुनर्भुगतान करना था।

एक्स-लीडा ने उ.प्र. सरकार से ऋण को सीड पूँजी में परिवर्तित करने अथवा इसे ब्याज मुक्त ऋण में परिवर्तित करते हुए पुनर्भुगतान अवधि को आठ वर्ष तक बढ़ाने का अनुरोध[8] किया था, जिसे सरकार ने अस्वीकार कर दिया (जुलाई 2007)। एक्स-लीडा ने पुनः, उ.प्र. सरकार से ऋण पर ब्याज दर को शून्य प्रतिशत तक या बचत बैंक खाते पर लागू ब्याज दर के बराबर कम करने का अनुरोध[9] किया। उ.प्र. सरकार द्वारा इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया।

लेखापरीक्षा ने देखा कि यूपीसीडा द्वारा मूलधन राशि और ब्याज का पुनर्भुगतान नहीं किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप 31 मार्च 2024 को ₹ 41 करोड़ की ऋण राशि पर ₹ 132.49 करोड़ का बकाया ब्याज का दायित्व बन गया।

उपरोक्त प्रकरण पर, सीएजी के 31 मार्च 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए लेखापरीक्षा प्रतिवेदन (आर्थिक क्षेत्र-गैर सार्वजनिक उपक्रम) में पहले ही टिप्पणी की जा चुकी थी। तथापि, इस सम्बन्ध में कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

यूपीसीडा ने अपने उत्तर में लेखापरीक्षा प्रेक्षण को स्वीकार किया (सितम्बर 2023) और बताया कि ऋण के पुनर्भुगतान के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया जा रहा है। उच्च स्तर पर निर्णय के उपरांत, ऋण का पुनर्भुगतान किया जाएगा और राज्य सरकार से, ब्याज की धनराशि को माफ करने का

[8] जुलाई 2006 से फ़रवरी 2007 के दौरान।
[9] अक्टूबर 2019 से मार्च 2021 के दौरान।

अनुरोध किया जाएगा। उ.प्र. सरकार ने अपने उत्तर में (जुलाई 2024), लेखापरीक्षा प्रेक्षण पर कोई टिप्पणी नहीं की।

नोएडा ऋण के पुनर्भुगतान शर्तों का अनुपालन नहीं किया गया

5.2.6 नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा) ने, यूपीएसआईडीसी को ₹ 450 करोड़ का ऋण 10.20 प्रतिशत प्रति वर्ष ब्याज की दर से जिसका भुगतान त्रैमासिक आधार पर देय था, अवमुक्त[10] किया। एक वर्ष की स्थगन अवधि की समाप्ति के बाद, मूलधन राशि, बारह समान तिमाही किस्तों में पुनर्भुगतान की जानी थी। टर्म लोन के ऋण अनुबंध के अनुसार, पुनर्भुगतान में चूक की दशा में अतिरिक्त 3 प्रतिशत की दर से त्रैमासिक आधार पर चक्रवृद्धि ब्याज देय था। अग्रेतर, यूपीएसआईडीसी ने अन्य नियमों एवं शर्तों जिन्हें नोएडा द्वारा समय-समय पर संस्वीकृति पत्र में या अन्यथा नियत किया जा सकता था, को स्वीकृत किया।

नोएडा ने 1 अप्रैल 2018 से ब्याज दर को 10.20 प्रतिशत प्रति वर्ष से घटाकर 8 प्रतिशत प्रति वर्ष कर दिया (जुलाई 2018)। तत्पश्चात, नोएडा ने, ऋण के वितरण की तिथि से सरकारी प्रतिभूतियों[11] पर देय साधारण ब्याज वसूलने और कोई दण्डात्मक ब्याज या चक्रवृद्धि ब्याज नहीं वसूलने के अपने बोर्ड के निर्णय से यूपीसीडा को अवगत कराया (दिसम्बर 2020)।

लेखापरीक्षा ने देखा कि यूपीसीडा (यूपीएसआईडीसी सहित) ने समझौता ज्ञापन की पुनर्भुगतान नियमों एवं शर्तों का पालन नहीं किया, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था कि ब्याज का पुनर्भुगतान तत्काल त्रैमासिक देय था और मूलधन राशि स्थगन अवधि के बाद बारह समान त्रैमासिक किस्तों में चुकानी थी। यूपीसीडा (यूपीएसआईडीसी सहित) ने दिसम्बर 2017 से नवम्बर 2018 के दौरान, नोएडा को भुगतान किए गए ₹ 450 करोड़ को मूलधन का पुनर्भुगतान और अप्रैल 2019 से जनवरी 2021 के दौरान, भुगतान किए गए ₹ 132.55 करोड़ को ब्याज का भुगतान माना।

तदनुसार, नोएडा ने यूपीसीडा द्वारा पहले मूलधन और उसके बाद ब्याज के समायोजन पर आपत्ति जताई (मार्च 2024)। इसने दिसम्बर 2020 में नोएडा के निर्णय के अनुसार सरकारी प्रतिभूतियों[12] पर देय साधारण ब्याज लगाने के स्थान पर यूपीसीडा द्वारा ऋण वितरण की तिथि से 31 मार्च 2018 तक 8.016 प्रतिशत[13] की दर से और 1 अप्रैल 2018 से 8 प्रतिशत[14] की दर से ब्याज लगाने पर भी, आपत्ति जताई। नोएडा ने यूपीसीडा से ₹ 582.55 करोड़[15] के पहले से किये गये भुगतान के अतिरिक्त, मूलधन के रूप में ₹ 15.05 करोड़

[10] 22 अक्टूबर 2014 को 350 करोड़ और 20 नवम्बर 2014 को ₹100 करोड़।
[11] वार्षिक लागू।
[12] वार्षिक लागू।
[13] 2014 से 2018 के दौरान सरकारी प्रतिभूतियों की औसत दर।
[14] नोएडा द्वारा जुलाई 2018 में सूचित।
[15] ₹ 450 करोड़ +₹ 132.55 करोड़।

और ब्याज के रूप में ₹ 4.63 करोड़ का बकाया होने का दावा किया। नोएडा का ₹ 19.68 करोड़[16] का दावा 31 मार्च 2024 तक बकाया था।

एग्जिट कॉन्फ्रेंस (अप्रैल 2024) के दौरान, यूपीसीडा ने प्रेक्षण को स्वीकार किया और आश्वासन दिया कि तदनुसार ऋण का पुनर्भुगतान किया जायेगा। उ.प्र. सरकार ने बताया (जुलाई 2024) कि दोनों प्राधिकरणों के बीच ऋण समायोजन सम्बन्धी विसंगति थी। सरकार के निर्देशानुसार अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए सावधि जमा में निवेश

5.2.7 यूपीआईएडी अधिनियम, 1976 की धारा 20 (3) के प्रावधानों के अनुसार, राज्य सरकार के किसी भी निर्देश के अधीन, प्राधिकरण अपने कोषों में से उतनी धनराशि किसी अनुसूचित बैंक के चालू खाते में रख सकता है, जितनी वह अपनी अपेक्षित वर्तमान आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आवश्यक समझे और किसी भी अधिशेष धनराशि को उस तरीके से निवेश कर सकता है, जैसा वह उचित समझे। उ.प्र. सरकार ने भी यह निर्देश दिया (23 फरवरी 2016) कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों के बोर्ड, बैंक खाते खोलने और अधिशेष कोषों को उनको शासित करने वाले नियमों/प्रावधानों के अनुरूप, निवेश करने के लिए उत्तरदायी होंगे। तदनुसार, यूपीसीडा बोर्ड ने अपनी 36वीं बैठक (सितम्बर 2020) में सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र के बैंकों के जमा खातों में अधिशेष धनराशि के निवेश के लिए दिशानिर्देश तैयार किए।

लेखापरीक्षा ने देखा कि यूपीसीडा ने उपरोक्त दिशानिर्देशों में वर्णित बैंकों के वित्तीय मापदण्डों का आकलन किए बिना, कई सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के सावधि जमा खातों में अधिशेष निधि का निवेश[17] किया। निवेश के लिए एक शर्त यह थी कि बैंकों ने तत्काल पूर्व के तीन वित्तीय वर्षों में लाभ घोषित किया हो। तथापि, यह देखा गया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में जो पिछले तीनों वित्तीय वर्षों से हानियों में थे, ₹ 57.23 करोड़, निवेश किए गए थे जैसा कि **परिशिष्ट-5.1** में वर्णित है।

एग्जिट कॉन्फ्रेंस (अप्रैल 2024) के दौरान, यूपीसीडा ने बताया कि यह एक सरकारी निकाय है और इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में उच्चतम ब्याज दर प्राप्त करने के बाद सावधि जमा की गयी थी। उ.प्र. सरकार ने बताया (जुलाई 2024) कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में उच्च ब्याज दरों पर निवेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के उपरांत किया जा रहा था।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि लेखापरीक्षा ने पाया कि उक्त निवेश, बोर्ड द्वारा अनुमोदित निवेश दिशानिर्देश के अनुसार अनुमन्य नहीं था।

---

[16] ₹ 15.05 करोड़ + ₹ 4.63 करोड़।

[17] वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान।

सावधि जमा रजिस्टर का रखरखाव नहीं किया गया

5.2.8 लेखापरीक्षा ने देखा कि समय-समय पर सावधि जमा में किए गए निवेश पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए सावधि जमा रजिस्टर का रखरखाव उचित तरीके से नहीं किया गया था तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित नहीं किया गया था।

एग्जिट कॉन्फ्रेंस (15 अप्रैल 2024) के दौरान, यूपीसीडा ने बताया कि वर्ष 2017-18 से 2022-23 तक की अवधि के लिए सावधि जमा रजिस्टर का उचित रखरखाव शीघ्रातिशीघ्र सुनिश्चित किया जाएगा। उ.प्र. सरकार ने बताया (जुलाई 2024) कि निवेश के विवरण का रखरखाव कंप्यूटर में किया गया था। भविष्य के निवेश के लिए सावधि जमा रजिस्टर तैयार करने का निर्देश दिए गए है।

संस्तुति संख्या 10

यूपीसीडा को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित सावधि जमा रजिस्टर का डिजिटाइजेशन शीघ्रातिशीघ्र तैयार किया जाए तथा उसका हर समय अनुश्रवण किया जाए। उ.प्र. सरकार द्वारा समय-समय पर दिए गए निर्देशानुसार निधि निवेश नीति तैयार किये जाने की आवश्यकता है।

समय पर टीडीएस की वापसी का दावा नहीं किया गया

5.2.9 एक्स-लीडा, आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 12 एए के अन्तर्गत पंजीकृत था और उसे संपत्ति और योगदान पर आयकर से छूट प्राप्त थी।

लेखापरीक्षा ने देखा कि एक्स-लीडा से सम्बन्धित ₹ 44 करोड़ मूल्य की सावधि जमाओं पर बैंक ने एक्स-लीडा के स्थायी खाता संख्या (पैन) में सुधार और मैपिंग समस्या के कारण ₹ 60.33 लाख स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) के रूप में काट लिए (अगस्त 2019)। यूपीसीडा (एक्स-लीडा सहित), तथापि समय पर दावा करने और आयकर प्राधिकारियों से ₹ 60.33 लाख की वापसी प्राप्त करने में विफल रहा। यूपीसीडा ने लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने के बाद (अगस्त 2022) ही आयकर आयुक्त को मार्च 2024 में टीडीएस की वापसी का दावा करने में विलम्ब की माफी के लिए आवेदन किया। तथापि, वापसी दिसम्बर 2024 तक लम्बित थी।

एग्जिट कॉन्फ्रेंस (15 अप्रैल 2024) के दौरान, यूपीसीडा ने बताया कि आयकर प्राधिकारियों से टीडीएस की वापसी प्राप्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उ.प्र. सरकार ने बताया (जुलाई 2024) कि बैंक ने लीडा द्वारा निवेश की गई धनराशि पर अर्जित ब्याज से कर काट लिया, जबकि लीडा को आयकर से छूट प्राप्त है। यूपीसीडा ने आयकर विभाग से काटी गई धनराशि की वापसी की कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए आयकर सलाहकार नियुक्त किया है।

निष्कर्ष

यूपीसीडा ने अपनी स्थापना के समय से ही अपने लेखे तैयार नहीं किये थे तथा यूपीएसआईडीसी और एक्स-लीडा के वार्षिक लेखाओं के तैयार न होने के कारण इन संस्थाओं की आस्तियाँ एवं दायित्व यूपीसीडा को अंतरित नहीं की गईं थी। यूपीसीडा को, आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10 (46) के अन्तर्गत छूट प्राप्त न करने के कारण, ₹ 184.43 करोड़ आयकर के रूप में जमा करने पड़े। राज्य के दो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को ऋण समझौते किये बिना ₹ 52.84 करोड़ की असुरक्षित ऋण राशि प्रदान की गई। निष्क्रियता के कारण 31 मार्च 2024 को, ₹ 41 करोड़ की ऋण धनराशि पर ₹ 132.49 करोड़ का संचित ब्याज बकाया था। दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए, पूर्व के तीनों वित्तीय वर्षों से हानियों में चल रहे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में ₹ 57.23 करोड़ का निवेश, किया गया। ₹ 60.33 लाख की टीडीएस धनराशि की वापसी का दावा समय पर नहीं किया गया। आंतरिक नियंत्रण ने परिचालन की दक्षता, वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता और लागू कानूनों एवं विनियमनों के अनुपालन के लिए उचित आश्वासन प्रदान नहीं किये।

लखनऊ
दिनांक: 12 जनवरी 2026

(राजीव कुमार पाण्डेय)
प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-II),
उत्तर प्रदेश

प्रतिहस्ताक्षरित

नई दिल्ली
दिनांक: 14 JAN 2026

(के. संजय मूर्ति)
भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक

परिशिष्टियाँ

परिशिष्ट -1.1
(प्रस्तर 1.6 मे संदर्भित)
वर्ष 2017-18 से 2022-23 की अवधि के लिए यूपीएसआईडीसी की वित्तीय स्थिति (अनंतिम)

(₹ करोड़ में)

विवरण	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
इक्विटि एवं दायित्व						
शेयरधारकों की निधियाँ:						
अंश पूँजी	24.08	24.08	24.08	24.08	24.08	24.08
संचय और अधिशेष	793.45	845.04	913.57	964.83	1037.60	1102.88
गैर चालू दायित्व:						
दीर्घावधि उधार	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
अन्य दीर्घावधि दायित्यव	2330.26	2403.87	2577.19	2626.11	2973.80	3311.10
दीर्घावधि प्रावधान	25.84	22.82	26.25	27.56	28.94	29.86
चालू दायित्व:						
अल्पावधि उधार	499.43	191.40	64.42	64.42	47.44	47.44
व्यापार देयताएं	47.24	42.99	24.18	25.39	26.66	27.21
अन्य चालू दायित्व	297.60	281.25	288.26	258.10	295.46	8283.40
अल्पावधि प्रावधान	89.01	111.86	142.86	168.93	198.91	230.87
योग	**4106.91**	**3923.31**	**4060.81**	**4159.42**	**4632.89**	**13056.84**
आस्तियाँ						
गैर चालू आस्तियाँ:						
स्थिर आस्तियाँ (i) मूर्त आस्तियाँ	25.72	28.29	31.12	37.62	33.20	35.43
(ii) पूँजीगत कार्य प्रगति पर	62.86	56.58	50.92	59.73	53.75	51.43
आस्थगित कर आस्तियाँ	1.80	1.80	1.80	1.80	1.88	1.75
गैर चालू विनियोग	1.68	1.68	1.68	1.68	1.68	1.68
दीर्घावधि ऋण एवं अग्रिम	209.34	168.77	212.59	208.31	215.64	207.34
अन्य गैर चालू आस्तियाँ	3.12	1.28	1.28	1.28	1.28	1.28
चालू आस्तियाँ:						
स्कंध	2618.10	2535.02	2592.89	2590.87	2895.68	2958.43
व्यापार प्राप्य	35.91	25.56	24.41	26.70	27.88	28.45
रोकड़ एवं बैंक शेष	1079.32	1047.18	1077.11	1169.03	1325.89	9419.62
अल्पावधि ऋण एवं अग्रिम	45.29	34.50	39.02	36.84	48.17	320.24
अन्य चालू आस्तियाँ	23.77	22.65	27.99	25.56	27.84	31.19
योग	**4106.91**	**3923.31**	**4060.81**	**4159.42**	**4632.89**	**13056.84**

वर्ष 2017-18 से 2022-23 की अवधि के लिए यूपीएसआईडीसी के कार्यकलापों के परिणाम (अनंतिम)

(₹ करोड़ में)

विवरण	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
राजस्व						
औद्योगिक क्षेत्र के सम्बन्ध में प्रीमियम पर ब्याज	106.05	75.82	53.55	60.99	53.77	54.35
बैंक सावधि जमा पर ब्याज	55.12	53.53	52.31	48.26	45.58	50.01
अन्य पर ब्याज	8.02	11.54	13.46	12.15	34.58	33.37
कर्मचारियो के अग्रिम पर ब्याज	0.02	0.02	0.03	0.02	0.02	0.02
लाभांश	1.63	1.61	1.61	1.61	2.62	0.73
पट्टा किराया	6.73	6.23	6.46	8.67	10.20	11.84
किराया	6.01	6.54	6.96	7.91	6.87	7.68

विवरण	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
विविध प्राप्तियाँ	6.56	5.70	3.38	4.41	2.35	2.45
समय विस्तार	32.94	38.21	54.93	36.78	50.66	55.08
उपविभाजन शुल्क	2.43	3.30	4.35	1.72	1.83	2.18
अर्नेस्ट मनी	0.01	0.02	0.04	0.01	0.01	0.002
योग (अ)	**225.52**	**202.52**	**197.08**	**182.53**	**208.49**	**217.71**
व्यय						
वेतन मजदूरी एवं बोनस	41.92	57.73	52.26	45.49	46.58	47.09
कंपनी का भविष्य निधि में अंशदान	5.03	4.32	4.07	3.27	3.56	3.84
निगम समूह ग्रेच्युटी	2.43	1.27	1.04	1.32	1.14	1.82
स्टाफ कल्याण एवं चिकित्सा व्यय	1.50	1.79	2.22	1.40	1.29	1.30
अन्य व्यय	32.81	36.43	31.43	33.96	46.42	63.18
नोएडा ऋण पर ब्याज	28.66	18.42	0	0	0	0
ह्रास एवं परिशोधन व्यय	6.16	6.80	6.10	5.90	5.60	5.15
योग (ब)	**118.51**	**126.76**	**97.12**	**91.34**	**104.59**	**122.38**
कर पूर्व लाभ (स = अ - ब)	**107.01**	**75.76**	**99.96**	**91.19**	**103.90**	**95.33**
कर व्यय (द)	**27.86**	**22.72**	**29.98**	**27.35**	**29.99**	**28.60**
कर पश्चात् लाभ (स - द)	**79.15**	**53.04**	**69.98**	**63.84**	**73.91**	**66.73**

परिशिष्ट -1.2
(प्रस्तर 1.6 मे संदर्भित)
वर्ष 2017-18 से 2020-21 की अवधि के लिए एक्स-लीडा की वित्तीय स्थिति

(₹ करोड़ में)

विवरण	2017-18	2018-19	2019-20 (अनंतिम)	2020-21 (अनंतिम)
(अ) दायित्व				
आधिक्य कोष	14.79	**(77.18)**	**(81.45)**	**(85.00)**
उ.प्र. सरकार से ऋण	41.00	41.00	41.00	41.00
हडको से ऋण	3.09	0.00	0.00	0.00
ऋण एवं अग्रिम	19.13	0.20	0.20	0.20
चालू दायित्व	67.59	167.41	176.39	191.27
योग	**145.6**	**131.43**	**136.14**	**147.47**
(ब) आस्तियाँ				
स्थिर आस्तियाँ	0.18	0.16	0.13	0.13
विनियोग	56.06	59.15	66.58	76.49
चालू आस्तियाँ, ऋण एवं अग्रिम	52.35	68.27	68.27	69.05
भूमि बैंक (कब्जा रहित)	32.26	0.00	0.00	0.00
बैंक रोकड़	4.68	3.79	0.47	1.12
ऋण एवं अग्रिम	0.06	0.05	0.06	0.05
स्रोत पर कर कटौती	0.01	0.01	0.63	0.63
योग	**145.6**	**131.43**	**136.14**	**147.47**

वर्ष 2017-18 से 2020-21 की अवधि के लिए एक्स-लीडा के कार्यकलापों के परिणाम

(₹ करोड़ में)

विवरण	2017-18	2018-19	2019-20 (अनंतिम)	2020-21 (अनंतिम)
आय	**3.34**	**22.39**	**4.64**	**5.13**
व्यय	**0.92**	**114.35**	**8.92**	**8.67**
व्यय की तुलना में आय का आधिक्य	2.42	(91.96)	(4.28)	(3.54)

टिप्पणी: वर्ष 2018-19 में, व्यय में वृद्धि का मुख्य कारण सरकारी ऋण पर ब्याज ₹ 94.34 करोड़ की धनराशि का प्रावधान करना था।

परिशिष्ट-1.3
(प्रस्तर 1.10 मे संदर्भित)
यूपीसीडा द्वारा प्रस्तुत नहीं किए गए अभिलेखों को दर्शाती विवरणी

संदर्भ: ऑडिट इन्क्वायरी #20 (एईएनक्यू - 250878) दिनांक 22 मार्च 2023 और लेखापरीक्षा रिक्वीजीशन #63 (एआरईक्यू-538338 दिनांक 28 अगस्त 2024 और लेखापरीक्षा रिक्वीजीशन #67 (एआरईक्यू-824923 दिनांक 10 अक्टूबर 2025

1. अभियंत्रण विभाग

(i) पूर्ण हो चुके कार्यों का विवरण जिनके लिए 2017-18 से 2021-22 के दौरान अंतिम भुगतान अवमुक्त किये गये थे।

(ii) राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) एवं उ.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मामले में आरोपित/जमा किए गए शास्ति से सम्बन्धित पत्रावलियाँ।

(iii) 04 प्राक्कलन अनुमोदन की पत्रावलियाँ, और प्राक्कलनों के विभाजन के सम्बन्ध में सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन।

(iv) चयनित 113 कार्यों मे से 42 कार्यों की माप पुस्तिकाएं और सलाहकार की गुणवत्ता नियंत्रण रिपोर्टें।

2. औद्योगिक क्षेत्र अनुभाग

(i) दो आवासीय योजनाओं (झाँसी और संडीला) की लागत निर्धारण पत्रावलियाँ।

(ii) वर्ष 2016-17 से 2023-24 की अवधि के लिए भूमि उपयोग रिपोर्ट का समाशोधित डाटा।

(iii) ओटीएस योजना के कार्यान्वयन की पत्रावलियाँ और सम्पूर्ण डाटा।

(iv) चयनित 41 भूखण्डों के मामले मे ई- नीलामी से सम्बन्धित दस्तावेज

अ. भूखण्ड वार प्राप्त आवेदन का विवरण

ब. भूखण्ड वार आवेदकों से मांगे गए स्पष्टीकरण का विवरण

स. भूखण्ड वार अस्वीकृत आवेदन का विवरण

द. भूखण्ड वार नीलामी में भाग लेने के लिए तकनीकी रूप से योग्य बोलीदाताओं का विवरण

3. स्थापना/ प्रशासन

(i) वर्ष 2017-18 से 2023-24 की अवधि के दौरान स्वीकृत पदों के सापेक्ष कार्यरत जनशक्ति का विवरण।

परिशिष्ट-3.1

(प्रस्तर 3.2.3 में संदर्भित)

ऐसे कार्यों का विवरण दर्शाती विवरणी जिसमें बोली क्षमता का आकलन नहीं किया गया

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुबंध बांड संख्या एवं दिनांक	अनुबंध बांड धनराशि (₹ लाखों में)	कार्य प्रारम्भ की तिथि	कार्य पूर्ण होने की निर्धारित तिथि	कार्य पूर्ण होने की वास्तविक तिथि	31 मार्च 2024 को कार्य पूर्ण होने में विलम्ब (दिनों में)
1	2	3	4	5	6	7	8 = 7 - 6
1.	मेगा फूड पार्क, बहेरी, जिला बरेली (ग्रुप-सी), में सड़क नाली एवं पुलिया का निर्माण	111/सीई/16-17 दिनांक 29/12/2016	447.03	29/12/2016	28/06/2017	07/05/2023	2139
2.	औद्योगिक क्षेत्र, संडीला (फेज-IV), जिला हरदोई (ग्रुप-ए), में सड़क, नाली और पुलिया का निर्माण	97/सीई/2016-17 दिनांक 29/12/2016	254.07	29/12/2016	28/06/2017	22/01/2018	208
3.	मेगा फूड पार्क, बहेरी, जिला बरेली (ग्रुप-डी), में सड़क नाली एवं पुलिया का निर्माण	112/सीई/16-17 दिनांक 29/12/2016	407.82	29/12/2016	28/06/2017	07/05/2023	2139
4.	आईए, उतेलवा, अमेठी में जलापूर्ति योजना का रखरखाव	22/सीई/2015-16 दिनांक 16/06/2015	100.98	16/06/2015	15/06/2016	15/10/2018	852
5.	मेगा फूड पार्क, बहेरी, जिला बरेली (ग्रुप-एफ), में सड़क नाली एवं पुलिया का निर्माण	114/सीई/16-17 दिनांक 29/12/2016	463.90	29/12/2016	28/06/2017	04/06/2023	2167
6.	सरस्वती हाईटेक सिटी, नैनी, जिला इलाहाबाद (फेज-II), में साइनेज बोर्ड उपलब्ध कराना और लगवाना	88/सीई/15-16 दिनांक 28/10/2015	260.97	28/10/2015	27/01/2016	23/03/2023	2612
7.	औद्योगिक टाउनशिप, अमेठी, जिला अमेठी (ग्रुप-डी) में सड़क, नाली और पुलिया का निर्माण	96/सीई/16-17 दिनांक 29/12/2016	303.54	29/12/2016	28/06/2017	24/10/2019	848
8.	औद्योगिक क्षेत्र उन्नाव साइट-1 (ग्रुप-बी) मे सड़कों का उन्नयन	129/सीई/2016-17 दिनांक 03/01/2017	128.77	03/01/2017	02/07/2017	28/06/2018	361
9.	औद्योगिक क्षेत्र, जी सी जैनपुर, जिला कानपुर देहात, में सड़क का रखरखाव और नाली का निर्माण	14/जीएम(ई)/2021-22 दिनांक 02/09/2021	242.54	02/09/2021	30/11/2021	30/01/2022	61
10.	औद्योगिक क्षेत्र, नैनी, इलाहाबाद, में सड़क संख्या 2(पी), 3(पी) ,4, 5, 6, 7ए, 7बी, 8, 11, 14, 15,16,17, सी-1, सी-2, सी-3,19 का उन्नयन एवं रखरखाव	23/जीएम(ई)/2019-20 दिनांक 16/03/2020	567.42	16/03/2020	13/07/2020	31/12/2020	171

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुबंध बांड संख्या एवं दिनांक	अनुबंध बांड धनराशि (₹ लाखों में)	कार्य प्रारम्भ की तिथि	कार्य पूर्ण होने की निर्धारित तिथि	कार्य पूर्ण होने की वास्तविक तिथि	31 मार्च 2024 को कार्य पूर्ण होने में विलम्ब (दिनों में)
1	2	3	4	5	6	7	8 = 7 - 6
11.	औद्योगिक क्षेत्र, साइट-II, जिला-उन्नाव, में सड़क संख्या 3, 4, 6, 7, 16, एलसी 2, एल सी3, एल सी4 का उन्नयन	03/जीएम(ई)/2019-20 दिनांक 03/06/2019	345.72	03/06/2019	28/01/2020	28/05/2021	486
12.	औद्योगिक टाउनशिप, अमेठी, जिला अमेठी (ग्रुप-ए), में सड़क, नाली और पुलिया का निर्माण	109/सीई/16-17 दिनांक 29/12/2016	410.70	29/12/2016	28/06/2017	अपूर्ण	2468
13.	सरस्वती हाईटेकसिटी, इलाहाबाद (ग्रुप-सी), में सेक्टर-12 एवं सेक्टर 14 की आंतरिक सड़कों, आरसीसी नाली, आरसीसी बॉक्स पुलिया एवं अन्य सम्बन्धित कार्यों का निर्माण	35/सीई/2016-17 दिनांक 31/05/2016	388.85	31/05/2016	30/11/2016	अपूर्ण	2678
14.	सरस्वती हाईटेक सिटी, नैनी, इलाहाबाद (ग्रुप-ए), में सीवर लाइन की आपूर्ति, बिछाने और जोड़ने तथा अन्य अनुलग्नक कार्य	156/सीई/2015-16 दिनांक 29/01/2016	983.72	29/01/2016	28/10/2016	अनुबंध निरस्त	----
15.	सरस्वती हाईटेक सिटी, नैनी, इलाहाबाद (ग्रुप-ए), में सीमेंट कंक्रीट मुख्य कॉरिडोर सड़कों (ए-टाइप) प्रोमेनेड सड़कों, साइकिल लेन और अन्य सम्बन्धित कार्यों का निर्माण	133/सीई/16-17 दिनांक 04/01/2017	6341.20	04/01/2017	03/05/2017	अनुबंध निरस्त	-----
16.	सरस्वती हाईटेक सिटी, इलाहाबाद (ग्रुप-बी), में सेक्टर-12 ए एवं सेक्टर 14 की आंतरिक सड़कों, आरसीसी नाली, आरसीसी बॉक्स पुलिया एवं अन्य सम्बन्धित कार्यों का निर्माण	34/सीई/16-17 दिनांक 31/05/2016	388.85	31/05/2016	30/11/2016	अपूर्ण	2678
17.	सरस्वती हाईटेक सिटी, नैनी, इलाहाबाद (ग्रुप-ई), में सीमेंट कंक्रीट मुख्य कॉरिडोर रोड (ए-टाइप) एवं अन्य सम्बन्धित कार्यों का निर्माण	92/सीई/16-17 दिनांक 29/12/2016	4065.22	29/12/2016	28/04/2017	अपूर्ण	2529
18.	सरस्वती हाईटेक सिटी, नैनी, इलाहाबाद, सेक्टर-12 के आंतरिक सड़कों, आरसीसी नालियों आरसीसी बॉक्स कलवर्टों और अन्य सम्बन्धित कार्यों का निर्माण	84/सीई/16-17 दिनांक 26/12/2016	5460.00	26/12/2016	25/06/2017	अपूर्ण	2471
19.	औद्योगिक क्षेत्र, संडीला, फेज-II, जिला हरदोई, में सड़क संख्या 1 और 3 (सीसी फुटपाथ) का उन्नयन	20/जीएम(ई)/20-21 दिनांक 23/03/2021	425.06	23/03/2021	17/11/2021	अपूर्ण	865

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुबंध बांड संख्या एवं दिनांक	अनुबंध बांड धनराशि (₹ लाखों में)	कार्य प्रारम्भ की तिथि	कार्य पूर्ण होने की निर्धारित तिथि	कार्य पूर्ण होने की वास्तविक तिथि	31 मार्च 2024 को कार्य पूर्ण होने में विलम्ब (दिनों में)
1	2	3	4	5	6	7	8 = 7 - 6
20.	औद्योगिक क्षेत्र, संडीला, जिला हरदोई, मे बल्क भूमि मे भूखण्ड संख्या बी-4, बी-5 और ए-5 (फेज-I) पर आरडीसी का निर्माण	12/जीएम(ई)/19-20 दिनांक 18/11/2019	189.25	18/11/2019	16/11/2020	अपूर्ण	1231
21.	इत्र पार्क, कन्नौज, में सड़क, नाली एवं पुलिया का निर्माण	18/जीएम(ई)/2021-22 दिनांक 26/10/2021	679.89	26/10/2021	22/06/2022	अपूर्ण	648
22.	औद्योगिक क्षेत्र, रामनगर फेज-I, जिला चंदौली, में सड़कों का रखरखाव/उन्नयन	13/जीएम(ई)/ 2021-22 दिनांक 20/07/2021	301.99	20/07/2021	16/03/2022	अपूर्ण	746
23.	सरस्वती हाई-टेक सिटी, नैनी, इलाहाबाद, में सेक्टर 1 और सेक्टर 2 की आंतरिक सड़कों, आरसीसी नालियों, आरसीसी बॉक्स पुलिया और अन्य सम्बन्धित कार्यों का निर्माण	17/जीएम(ई)/2019-20 दिनांक 21/01/2020	1316.36	21/01/2020	16/09/2020	अपूर्ण	1292
24.	सरस्वती हाई-टेकसिटी, नैनी, इलाहाबाद, में जलापूर्ति और वितरण नेटवर्क उपलब्ध कराना और बिछाना	15/जीएम(ई)/2019-20 दिनांक 6/12/2019	1718.67	06/12/2019	4/12/2020	अपूर्ण	1213
25.	टीजीसी उन्नाव में औद्योगिक सेक्टर-17 में 11 के वी एच टी भूमिगत विद्युत नेटवर्क प्रणाली	21/सीजीएम(ई)/2021-22 दिनांक 01/12/2021	235.07	01/12/2021	28/02/2022	अपूर्ण	1493
26.	टीजीसी उन्नाव में सेक्टर-17 में 1x10 एमवीए उपकेन्द्र संख्या 3 और सेक्टर-04 में 33 केवी फीडर लाइन तथा 1x5 एमवीए उपकेन्द्र संख्या 10, और 33 केवी फीडर लाइन का निर्माण	02/जीएम(ई)/2021-22 दिनांक 01/06/2021	943.40	01/06/2021	29/08/2021	अपूर्ण	945
27.	एसएचसी नैनी, प्रयागराज में सीसी रोड पर स्ट्रीट लाइट फिटिंग प्रदान करना	16/जीएम(ई)/2020-21 दिनांक 12/02/2021	291.69	12/02/2021	09/10/2021	अपूर्ण	904

परिशिष्ट-3.2
(प्रस्तर 3.2.4 में संदर्भित)
आरोपित की जाने वाले समय विस्तार (एलडी) को दर्शाती विवरणी

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुबंध बांड संख्या एवं दिनांक	अनुबंध बांड धनराशि (₹ लाख में)	कार्य प्रारम्भ की तिथि	कार्य पूर्ण होने की निर्धारित तिथि	31 मार्च 2024 तक व्यय (₹ लाख में)	कार्य पूर्ण होने की वास्तविक तिथि	31 मार्च 2024 तक कार्य पूर्ण होने में विलम्ब (दिनों में)	रोके गए वास्तविक समय विस्तार की धनराशि (₹ लाख में)	रोकी जाने वाले समय विस्तार की धनराशि (एलडी) (₹ लाख में)
1	2	3	4	5	6	7	8	9 = 8 - 6	10	11 = 10 प्रतिशत x कॉलम 7
1.	सरस्वती हाई-टेक सिटी, नैनी, इलाहाबाद में जलापूर्ति और वितरण नेटवर्क उपलब्ध कराना और बिछाना	15/जीएम(ई)/2019-20 दिनांक 06/12/2019	1718.67	06/12/19	04/12/20	1361.79	अपूर्ण	1213	13.62	136.18
2.	आईए, संडीला, जिला हरदोई, में बल्क भूमि के भूखण्ड संख्या बी-4, बी-5 और ए-5 (फेज-I) पर आरडीसी का निर्माण	12/जीएम(ई)/2019-20 दिनांक 18/11/2019	189.24	18/11/19	16/11/20	136.19	अपूर्ण	1231	1.00	13.62
3.	सरस्वती हाई-टेक सिटी, नैनी, इलाहाबाद, में सेक्टर 1 और 2 की आंतरिक सड़कों, आरसीसी नालियों, आरसीसी बॉक्स पुलिया और अन्य सम्बन्धित कार्यों का निर्माण	17/जीएम(ई)/2019-20 दिनांक 21/01/2020	1316.36	21/01/20	16/09/20	606.74	अपूर्ण	1292	6.07	60.67
4.	औद्योगिक क्षेत्र, साइट-II, जिला-उन्नाव, में सड़क संख्या 3, 4, 6, 7, 16, एलसी 2, एलसी 3, एलसी 4 का उन्नयन	03/जीएम(ई)/2019-20 दिनांक 03/06/2019	345.72	03/06/19	28/01/20	205.79	28/05/2021	486	3.46	20.58
5.	सरस्वती हाईटेक सिटी, नैनी, इलाहाबाद (ग्रुप-ई), में सीमेंट कंक्रीट मुख्य कॉरिडोर रोड (ए-टाइप) एवं अन्य सम्बन्धित कार्यों का निर्माण	92/सीई/16-17 दिनांक 29/12/2016	4065.22	29/12/16	28/04/17	3985.23	अपूर्ण	2529	36.49	398.52

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुबंध बांड संख्या एवं दिनांक	अनुबंध बांड धनराशि (₹ लाख में)	कार्य प्रारम्भ की तिथि	कार्य पूर्ण होने की निर्धारित तिथि	31 मार्च 2024 तक व्यय (₹ लाख में)	कार्य पूर्ण होने की वास्तविक तिथि	31 मार्च 2024 तक कार्य पूर्ण होने में विलम्ब (दिनों में)	रोके गए वास्तविक समय विस्तार की धनराशि (₹ लाख में)	रोकी जाने वाले समय विस्तार की धनराशि (एलडी) (₹ लाख में)
1	2	3	4	5	6	7	8	9 = 8 - 6	10	11 = 10 प्रतिशत x कॉलम 7
6.	मेगा फूड पार्क, बहेड़ी, जिला बरेली (ग्रुप-सी), में सड़क नाली एवं पुलिया का निर्माण	111/सीई/16-17 दिनांक 29/12/2016	447.03	29/12/16	28/06/17	439.43	07/05/2023	2139	3.73	43.94
7.	मेगा फूड पार्क, बहेड़ी, जिला बरेली (ग्रुप-डी), में सड़क नाली एवंपुलिया का निर्माण	112/सीई/16-17 दिनांक 29/12/2016	407.82	29/12/16	28/06/17	372.33	07/05/2023	2139	3.30	37.23
8.	मेगा फूड पार्क, बहेड़ी, जिला बरेली (ग्रुप-एफ), में सड़क नाली एवं पुलिया का निर्माण	114/सीई/16-17 दिनांक 29/12/2016	463.89	29/12/16	28/06/17	461.25	04/06/2023	2167	3.57	46.13
9.	सरस्वती हाईटेक सिटी, नैनी, इलाहाबाद के लिए सेक्टर-12 के आंतरिक सड़कों, आरसीसी नालियों आरसीसी बॉक्स कलवर्टों और अन्य सम्बन्धित कार्यों का निर्माण	84/सीई/16-17 दिनांक 26/12/2016	5460.01	26/12/16	25/06/17	5244.19	अपूर्ण	2468	48.24	524.42
10.	सरस्वती हाईटेक सिटी, इलाहाबाद (ग्रुप-सी), में सेक्टर-12 ए एवं 14 में आंतरिक सड़कों, आरसीसी नाली, आरसीसी बॉक्स पुलिया एवं अन्य सम्बन्धित कार्यों का निर्माण	35/सीई/16-17 दिनांक 31/01/2016	388.85	31/05/16	30/11/16	336.75	अपूर्ण	2678	3.18	33.68
11.	सरस्वती हाईटेक सिटी, इलाहाबाद (ग्रुप-बी), में सेक्टर-12 ए एवं 14 में आंतरिक सड़कों, आरसीसी नाली, आरसीसी बॉक्स पुलिया एवं अन्य सम्बन्धित कार्यों का निर्माण	34/सीई/16-17 दिनांक 31/05/2016	388.85	31/05/16	30/11/16	353.92	अपूर्ण	2678	3.34	35.39

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुबंध बांड संख्या एवं दिनांक	अनुबंध बांड धनराशि (₹ लाख में)	कार्य प्रारम्भ की तिथि	कार्य पूर्ण होने की निर्धारित तिथि	31 मार्च 2024 तक व्यय (₹ लाख में)	कार्य पूर्ण होने की वास्तविक तिथि	31 मार्च 2024 तक कार्य पूर्ण होने में विलम्ब (दिनों में)	रोके गए वास्तविक समय विस्तार की धनराशि (₹ लाख में)	रोकी जाने वाले समय विस्तार की धनराशि (एलडी) (₹ लाख में)
1	2	3	4	5	6	7	8	9 = 8 - 6	10	11 = 10 प्रतिशत x कॉलम 7
12.	औद्योगिक टाउनशिप, अमेठी, जिला अमेठी (ग्रुप-ए), में सड़क, नाली और पुलिया का निर्माण	109/सीई/16-17 दिनांक 29/12/2016	410.70	29/12/16	28/06/17	397.89	अपूर्ण	2468	1.00	39.79
